कदम ◆ जर्मनी में चौथा अधिग्रहण है यह समूह का

मिंडा ने किया एक्सिस प्लांट का अधिग्रहण

बिजनेस भास्कर ◆ नई दिल्ली

फोटो : संजय गुप्ता

कलपुर्जा निर्माता कंपनी अशोक मिंडा ग्रुप ने मंगलवार को जर्मन कंपनी एक्सिस के कोएंजन प्लांट के अधिग्रहण की प्रक्रिया को पूरा करने की घोषणा की। एक्सिस, कोएंजन जर्मनी की अग्रणी विशेषज्ञ कंपोजिट मोल्डिंग निर्माता कंपनी है और यह डेमलर, फॉक्सवैगन ग्रुप, रेनॉ, पीएसए, जीएम आदि की प्रमुख कल-पुर्जा सप्लायर है। मिंडा समूह ने परिसंपत्ति सौदे को अंतिम रूप देते हुए एक्सिस, कोएंजन का 100 फीसदी अधिग्रहण किया है और अब इसका नाम मिंडा शैंक प्लास्टिक सॉल्यूशंस रखा गया है। गौरतलब है, यह समूह का जर्मनी में चौथा और यूरोप में छठा प्रमुख अधिग्रहण है।

अधिग्रहण के बारे में अशोक मिंडा समूह के चेयरमैन अशोक मिंडा ने कहा कि एक्सिस, कोएंजन का अधिग्रहण वैश्विक ऑटो कंपोनेंट उद्योग में अपनी स्थिति को मजबूत करने और महत्वपूर्ण कंपनी के तौर पर साख बनाने की हमारी रणनीति का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि समूह को 2010-11 के दौरान 2,500 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल करने की उम्मीद है। समूह को वित्त वर्ष 2013-14 के अंत तक करीब 6,000 करोड़ रुपये का राजस्व कमाने की उम्मीद है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मौजूदगी बढ़ाने की समूह की रणनीति के चलते आने वाले सालों में समूह का वैश्विक कारोबार में भी जबरदस्त बढ़ोतरी की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि 2013-14 तक समूह का वैश्विक कारोबार बढ़कर 50 फीसदी हो जाएगा। मौजूदा समय में वैश्विक बाजार की हिस्सेदारी 40 फीसदी है।

आईपीओ लाएगा समूह

नई दिल्ली ◆ ऑटो कंपोनेंट निर्माता अशोक मिंडा ग्रुप अगले डेढ़-दो वर्षों में आईपीओ लांच करने की योजना बना रहा है। साथ ही यह प्राइवेट इक्विटी प्लेसमेंट्स के जरिए भी निवेशकों को लुभाने की कोशिशों में जुटा है।

ग्रुप के अध्यक्ष अशोक मिंडा ने इसका खुलासा करते हुए कहा कि हम अगले डेढ़-दो वर्षों में आईपीओ लांच करेंगे। साथ ही प्राइवेट इक्विटी के जरिए निवेश पर भी काम चल रहा है। यह कवायद अभी अपने शुरुआती दौर में है। लेकिन, यह सब एक निश्चित स्तर हासिल कर लेने के बाद ही होगा।

इसके लिए ग्रुप चालू वित्त वर्ष में 1000 करोड़ रुपये तक का निवेश करने वाला है। इसके साथ ही, यह चालू वित्त वर्ष में 2,500 करोड़ रुपये तथा वर्ष 2013-14 तक 6,000 करोड़ रुपये के राजस्व का आंकड़ा छूना चाहता है। इस बारे में अशोक मिंडा ने कहा कि 6,000 करोड़ रुपये राजस्व का आंकड़ा छूने के लिए हम अपनी मौजूदा क्षमता को बढ़ाने के साथ ही कई अन्य फर्म का अधिग्रहण भी भी करेंगे। ग्रुप द्वारा चालू वित्त वर्ष में 1,000 करोड़ रुपये निवेश करना इसी दिशा में एक कदम है। वर्तमान में अशोक मिंडा ग्रुप भारत समेत जर्मनी, पोलैंड, चेक रिपब्लिक, इंडोनेशिया, विएतनाम तथा उजबेकिस्तान में 25 से से ज्यादा संयंत्रों का संचालन कर रहा है। इनमें दोपहिया व चार पहिया वाहनों के लिए सुरक्षा तंत्र, चालक सूचना तंत्र तथा टेलिमैटिक्स का उत्पादन किया जाता है। (प्रेट्र)